दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

: 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 11.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 11.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा बी.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं एम.ए. प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए लेखन कौशल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश सिंह ने अपने सम्बोधन में बदलती विश्विद्यालय परीक्षा प्रणाली में उत्तर लेखन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लेखन कौशल के बारीकियों के विविध आयामों पर विद्यार्थियों से संवाद किया। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महाविद्यालय के सकारात्मक प्रयास से भी अवगत कराया। विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन एवं व्यक्तित्व निर्माण में महाविद्यालय निरन्तर आधुनिक तकनीकों व नवाचार का प्रयोग कर रहा है। विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महाविद्यालय प्रतिवद्ध है।

राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी श्री इंद्रेश पाण्डेय ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को सी.बी.सी. एस. प्रणाली व सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत विश्विद्यालय परीक्षा के नए स्वरूप से परिचय कराया। विश्विद्यालयी परीक्षा में प्रश्नों के उत्तर सामन्यतः निबंधात्मक शैली में लिखे जाते रहे हैं लेकिन अब बदलती परीक्षा प्रणाली के अनुरूप उत्तर लेखन की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए मिड टर्म, ईन्ड टर्म परीक्षा व प्रोजेक्ट, असाइनमेंट का प्रभावशाली लेखन के लिए उसके तकनीकी पक्ष पर चर्चा की। आगे उन्होंने ने कहा कि सर्वप्रथम विद्यार्थियों को प्रश्न पढ़ना व समझना चाहिए उसके बाद उत्तर लेखन की रूपरेखा तय करते हुए पुनः उत्तर लिखना प्रारंभ करना चाहिए। उत्तर लेखन में विद्यार्थियों को प्रमाणिकता एवं प्रवाह, शब्द सीमा, क्रमबद्धता, स्पष्टता, जैसे सामान्य बातों का विशेष ध्यान देना चाहिए। व्याकरण की दृष्टि से लेखन में विशेष रूप से वर्तनी व विराम चिह्नों का प्रयोग आवश्यक है। शब्दों की पुनरावृत्ति से बचना चाहिए। उत्तर को आकर्षक बनाने के लिए महत्वपूर्ण शब्दों या वाक्यों को रेखांकित भी किया जा सकता है।

उक्त कार्यशाला में विभाग के सभी प्राध्यापक डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. अखिल श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंका सिंह, श्री वर्धन त्रिपाठी, और एम.ए. प्रथम सेमेस्टर व बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क